

# SHRI DINYAR R CONTRACTOR

Shri Dinyar R Contractor is a legendary theatre actor and a film personality.

2. Born on August 12, 1941 in Mumbai in a Parsi Zoroastrian family, Shri Dinyar passed his Secondary School Certificate Examination from St. Mary's school, Pune Board, with a First class. He joined Kishanchand Chelaram College, Mumbai, from where he graduated with a degree in Bachelor of Science. He then joined the Rallis India Group —Pharmaceutical Division of the Teddington Chemical Factory in the year 1965.

3. After serving the Rallis Group for 19 years, Shri Dinyar plunged into full time theatre activities. He is one of the Founder Members, of the Parsi Wing of the Indian National Theatre (INT), founded in 1967, In a span of 10 years he played a very prominent part in all their projects which include Hello Inspector, Lafra Sadan, Tirangi Tehmul etc. All theshows were super-hit and were performed to packed houses in Mumbai, Gujarat & Kolkata.

4. In 1978, Shri Dinyar joined hands with the legendary theatre personality, Shri Burjor Patel and did Several shows in English & Gujarati under the directorship of the great legend Adi Marazban. His association with Adi Marazban continued and he was fortunate to be the integral part or rather a financial partner in Shri Adi Marazban's 'Variety Review', which he performed on all Parsi New Year programmes. He was also a part of many radio plays by Shri Adi Marazban on All India Radio (AIR). He was interviewed by the AIR and his recording stands tall in the archives of the All India Radio till date.

5. In mid 80, Shri Dinyar wrote a rollicking comedy "MARO LINE TOH TABIYAT FINE', under the banner of Dinyar Contractor Productions, which had a successful run of over 500 shows and was performed in Gujarati, Hindi, Marathi, English & in Hinglish.(Hindustani English). He has toured extensively with his plays including USA, UK., East Africa, South Africa, UAE etc.

6. Besides doing theatre, Shri Dinyar did the most popular advertising short film 'RASNA', where even after 35 years, people still remember him and shout out "I love you Rasna" whenever they catch a glimpse of him on the road. He has done innumerable T.V. serials like Teri Bhi Chup, Meri Bhi Chup; Pappa Ni Parliament; KabhiIdhar, Kabhi Udhar; Dum Dama Dum; Hum Sab Ek Hai; Shubh Mangal Savdhan; Khichdi; Shriman Shrimati; Taarak Mehta Ka Ooltah Chashma etc. He also appeared in Bollywood movies like Khiladi; Badshah; Chhori Chori - Chupke Chupke; Ek Se Badh Kar Ek etc.

7. Shri Dinyar has received various honours and awards including Best Actor Award for his Gujarati Serial "Pappa Ni Parliament" by Transmedia in the year 2004-05 Lifetime Achievement Award by Vichare Dhattpatra Sanghralaya and Vishala, Ahmedabad in 2018; Life Time Achievement Award by ZAAN (Zoroastrian Achievers Award Night) in 2017 for his long term association with theatre & T.V., Sir Ness Wadia Gold Medal etc.

# श्री दिनीयार आर कोन्ट्रेक्टर



श्री दिनीयार आर कोन्ट्रेक्टर एक महान रंगमंच अभिनेता और फिल्मों से जुड़ी हस्ती हैं।

2. आपका जन्म 12 अगस्त, 1941 में मुंबई के एक पारसी परिवार में हुआ। आपने सेंट मैरी स्कूल, पुणे बोर्ड से सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। आपने किशनचंद चेलाराम कॉलेज, मुंबई में प्रवेश लिया, जहां से आपने बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। इसके बाद आप वर्ष 1965 में टेडिंगटन केमिकल फैक्ट्री के रैलिस इंडिया ग्रुप-फार्मास्यूटिकल डिवीजन में शामिल हो गए।

3. 19 वर्षों तक रैलिस समूह की सेवा करने के बाद, आपने पूर्णकालिक रंगमंचीय कार्यों के साथ जुड़ गए। आप 1967 में स्थापित भारतीय राष्ट्रीय रंगमंच (आईएनटी) के पारसी विंग के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। 10 वर्षों की अवधि के दौरान आपने अपनी सभी परियोजनाओं में प्रमुख भूमिका निभाई, जिनमें हेलो इंस्पेक्टर,लाफ्रासदन, तिरंगी टेहमुल आदि शामिल हैं। सभी कार्यक्रम सुपर हिट थे और मुंबई, गुजरात और कोलकाता मे दर्शको की भारी भीड़ के सम्मुख प्रस्तुत किए गए ।

4. 1978 में, आप महान रंगमंच व्यक्तित्व, श्री बुर्जोर पटेल के साथ कार्य करने लगे और आपने रंगमंच के महानायक आदिमर्ज़बान के निर्देशन में अंग्रेजी और गुजराती में कई प्रसिद्ध कार्यक्रम किए और आदिमर्ज़बान के साथ आपका जुड़ाव जारी रहा और आपको श्री आदिमर्ज़बान के'वैराइटी रिव्यू' में एक अभिन्न अंग या बल्कि एक वित्तीय भागीदार बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसका मंचन आपने नए साल के सभी पारसी कार्यक्रमों में किया। आकाशवाणी पर श्री आदिमर्ज़बान के कई रेडियो नाटकों का हिस्सा रहे हैं। आकाशवाणी द्वारा आपका साक्षात्कार लिया गया और आपकी रिकॉर्डिंग को आज तक आकाशवाणी के अभिलेखागार में सहेजकर रखा गया है।

5. अस्सी के दशक के मध्य में, दिनयार कान्ट्रैक्टर प्रोडक्शंस के बैनर तले, आपने हँसी से भरपूर एक कॉमेडी "मारो लाइन तो तबीयत फाइन'लिखी, जिसके 500 से अधिक शो का सफल प्रदर्शन हुआ और इसे गुजराती, हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और हिंग्लिश (हिंदुस्तानी-अंग्रेजी) में प्रदर्शित किया गया। आपने अपने नाटकों के मंचन के लिए यूएसए, यूके, पूर्वी अफ्रीका, दक्षिण अफ्रीका, यूएई आदि कई देशों की व्यापक यात्राएं की।

6. रंगमंच के अलावा, आपने सबसे लोकप्रिय लघु विज्ञापन फिल्म 'रसना' की, जिसके लिए 35 साल बाद भी लोग आपको याद करते हैं और सड़क पर उन्हें देखते ही, "आई लव यू रसना" चिल्लाते हैं। आपने अनगिनत टी.वी. धारावाहिकों जैसे तेरी भी चुप, मेरी भी चुप, पप्पा नी पार्लियामेंट, कभी-इधरकभी उधर, दम दमा दम, हम सब एक हैं, शुभ मंगल सावधान, खिचड़ी, श्रीमान-श्रीमती, तारक मेहता का उल्टा चश्मा, आदि में कार्य किया है। आपने बॉलीवुड फिल्मों जैसे खिलाड़ी, बादशाह, चोरी-चोरी– चुपके-चुपके, एक से बढ़कर एक आदि में भी कार्य किया है।

7. आपको अनेक सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जिनमें वर्ष 2004-05 में ट्रांसमीडिया द्वारा गुजराती, सीरियल "पप्पा नी पार्लियामेंट" के लिए बेस्ट एक्टर अवार्ड,रंगमंच और टी.वी. इत्यादि के साथ आपके लंबे कार्यकाल के लिए आपको विचारेधट्टपात्र संग्रहालय और विशाला, अहमदाबाद द्वारा वर्ष 2018 में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड; जैडएएएन (जोरो आस्ट्रियन अचीवर्स अवार्ड नाइट) द्वारा वर्ष 2017 में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, सर नेस वाडिया गोल्ड मेडल शामिल हैं।